दिल्ली विकास प्राधिकरण
DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
An Autonomous Body Under Ministry Of Housing And Urban Affairs

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय
NATIONAL SCHOOL OF DRAMA
(An Autonomous Institution of the Ministry of Culture, Govt. of India)

दिल्ली विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

प्रस्तुत करते हैं

RangBaag

**2 मई – 14 जून 2026**

**स्थान: बाँसेरा, बिरसा मुंडा चौक**

*"रंगबाग"*, दिल्ली विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की एक संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर रंगमंच शिक्षा को बढ़ावा देना और समुदाय के बच्चों तक इसे सुलभ बनाना है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न रंगमंच आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जिनमें संवाद अभ्यास, गति आधारित गतिविधियाँ, कहानी कथन, तात्कालिक अभिनय और बुनियादी प्रदर्शन तकनीकें शामिल हैं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों का सामाजिक समन्वय करना और उन्हें खेल-खेल में रंगमंच गतिविधियों के माध्यम से अपने परिवेश के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यशाला का समापन **14 जून 2026 को एक अंतिम प्रस्तुति** के साथ होगा, जिसमें प्रतिभागी अपनी सीख का प्रदर्शन करेंगे।

रंगबाग अपने पहले बैच के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। आवेदन ऑनलाइन भरा जा सकता है और प्रवेश 30 विद्यार्थियों को "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर दिया जाएगा।

**आवेदक की आयु 1 मई 2026 को 12 से 16 वर्ष के बीच होनी चाहिए।**

**आवेदन कैसे करें -**

आवेदन पत्र हमारी वेबसाइट **www.dda.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। **प्रवेश 7 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 (शाम 5:00 बजे) तक खुले हैं।** आवेदकों को जन्म प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/बीपीएल प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की स्व-सत्यापित प्रतियाँ अपलोड करनी होंगी। कार्यशाला के पहले दिन इन प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाएँ।

**अधूरे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

अभ्यर्थियों का चयन प्रस्तुत दस्तावेजों की जाँच और सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय को किसी भी आवेदन को अपने विवेकाधिकार से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**महत्वपूर्ण सूचना –**

- सीटें सीमित हैं। समूह में कुल 30 सीटें हैं। आवेदन केवल "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे, जो पात्रता की जाँच के अधीन होगा।
- चयनित अभ्यर्थियों की सूची **27 अप्रैल 2026 को शाम 5:00 बजे** तक हमारी वेबसाइट www.dda.gov.in पर प्रदर्शित की जाएगी।
- चयनित अभ्यर्थियों को एक निर्धारित QR कोड के माध्यम से भुगतान करना होगा, जिसका विवरण चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची के साथ साझा किया जाएगा। भुगतान की सुविधा **27 अप्रैल (शाम 5:00 बजे) से 1 मई (शाम 5:00 बजे)** तक उपलब्ध रहेगी। यदि कोई चयनित अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर भुगतान नहीं करता, तो उस सीट की पेशकश अगले पात्र आवेदक को की जा सकती है।
- प्रतिभागियों को कार्यशाला के पहले दिन भुगतान का प्रमाण/भुगतान रसीद और सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज लेकर उपस्थित होना होगा।
- पहले दिन भुगतान रसीद दिखाने पर प्रतिभागियों को बाँसेरा पार्क में प्रवेश शुल्क नहीं देना होगा। आगामी दिनों में निःशुल्क प्रवेश के लिए प्रतिभागियों को अपना पहचान पत्र (जो पहले दिन जारी किया जाएगा) साथ लाना और दिखाना अनिवार्य होगा।
- प्रतिभागियों को नियमित रूप से सत्र में भाग लेना आवश्यक है। निरंतर भागीदारी नियमित उपस्थिति पर निर्भर करेगी। बिना पूर्व सूचना के बार-बार अनुपस्थित रहने पर सीट किसी अन्य प्रतिभागी को दी जा सकती है।
- प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि वे समय पर उपस्थित हों। सत्र आरंभ होने के बाद देर से आने पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती।
- सभी अभ्यर्थियों को पूर्ण और सही जानकारी तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक हैं। अधूरे या गलत जानकारी वाले आवेदन पत्र अस्वीकार किए जा सकते हैं।
- आवेदन जमा करते समय ₹100/- का आवेदन प्रसंस्करण शुल्क देय होगा। चयनित और कार्यक्रम में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का प्रसंस्करण शुल्क समायोजित कर लिया जाएगा। तथापि, गलत जानकारी/दस्तावेज़ के कारण आवेदन अस्वीकृत होने या चयन न होने की स्थिति में आवेदन प्रसंस्करण शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
- दिल्ली विकास प्राधिकरण को आवेदन अस्वीकृति से उत्पन्न किसी भी रिक्ति को भरने का अधिकार सुरक्षित है। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर जारी रहेगा।
- चयनित प्रतिभागियों का कार्यशाला शुल्क अप्रतिदेय होगा। केवल आयोजकों द्वारा कार्यक्रम रद्द किए जाने की स्थिति में ही शुल्क वापस किया जाएगा।
- कार्यशाला का केंद्र निश्चित है और किसी भी कारण से इसे बदला नहीं जा सकता।
- प्रतिभागियों को अपने आवागमन और भोजन/नाश्ते की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे पानी की बोतल और टोपी साथ लाएँ तथा बाहरी गतिविधियों के लिए उपयुक्त आरामदायक वस्त्र पहनें।
- रंगबाग एक खुले पार्क में आयोजित किया जाएगा जिसमें हल्की शारीरिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल होंगी। माता-पिता/अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, पर्याप्त पानी पिए और मौसम के अनुकूल वस्त्र पहने। दिल्ली विकास प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का पूरा प्रयास करेंगे, परंतु गर्मी या अस्वस्थता के कारण उत्पन्न किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए वे उत्तरदायी नहीं होंगे।

- प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि वे अनुशासन बनाए रखें और प्रशिक्षकों तथा साथी प्रतिभागियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें। किसी भी प्रकार का अव्यवस्थित या असुरक्षित आचरण कार्यक्रम से निष्कासन का कारण बन सकता है।
- कार्यशाला के सत्रों और प्रस्तुतियों के फ़ोटो एवं वीडियो दिल्ली विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा दस्तावेज़ीकरण एवं प्रचार हेतु लिए जा सकते हैं। कार्यक्रम में पंजीकरण को इसके लिए सहमति माना जाएगा। यदि माता-पिता/अभिभावक इस पर आपत्ति रखते हों तो कृपया पहले दिन आयोजकों को लिखित में सूचित करें।

**कार्यशाला केंद्र -** बाँसेरा, बिरसा मुंडा चौक, सराय काले खाँ, नई दिल्ली

**अवधि और समय -**

- कार्यशाला **2 मई से 14 जून** तक **दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे** तक निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी।

**मई 2026**

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | **2<br>कक्षा 1** |
| **3<br>कक्षा 2** | 4 | **5<br>कक्षा 3** | 6 | **7<br>कक्षा 4** | 8 | **9<br>कक्षा 5** |
| **10<br>कक्षा 6** | 11 | **12<br>कक्षा 7** | 13 | **14<br>कक्षा 8** | 15 | **16<br>कक्षा 9** |
| **17<br>कक्षा 10** | 18 | **19<br>कक्षा 11** | 20 | **21<br>कक्षा 12** | 22 | **23<br>कक्षा 13** |
| **24<br>कक्षा 14** | 25 | **26<br>कक्षा 15** | 27 | **28<br>कक्षा 16** | 29 | **30<br>कक्षा 17** |
| **31<br>कक्षा 18** | | | | | | |

**जून 2026**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **1** | **2<br>कक्षा 19** | **3** | **4<br>कक्षा 20** | **5<br>कक्षा 21** | **6<br>कक्षा 22** |
| **7<br>कक्षा 23** | **8<br>कक्षा 24** | **9<br>कक्षा 25** | **10<br>कक्षा 26** | **11<br>कक्षा 27** | **12<br>कक्षा 28** | **13<br>कक्षा 29** |
| **14<br>अंतिम प्रस्तुति** | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 29 | 30 | | | | |

- जो बच्चे कार्यशाला के लिए पूर्ण समय समर्पित करने में सक्षम हों, केवल वही आवेदन करें। समूह की भागीदारी और आवश्यकताओं के आधार पर कार्यशाला सत्रों की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

**कार्यशाला शुल्क –**

1. **सामान्य श्रेणी** में आवेदन करने वाले बच्चों के लिए **शुल्क ₹5000/-** प्रति प्रतिभागी है।
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग श्रेणी के बच्चों के लिए लागू **शुल्क ₹1250/-** प्रति प्रतिभागी है और उन्हें जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूजित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) और आय प्रमाण (आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग) की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

**किसी भी परिचालन संबंधी चुनौती की स्थिति में कार्यक्रम में परिवर्तन किया जा सकता है।**

**संपर्क जानकारी**

फ़ोन नंबर – +91-9768969505

वेबसाइट – www.dda.gov.in